# बस्तर कमिश्नर ने भ्रमण कर ली योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी

## सुशासन सप्ताह, जलजीवन मिशन के कार्यों से हुए अवगत, मेडिकल कॉलेज की बैठक में हुए शामिल



**उत्तर बस्तर कांकेर (निप्र)।** बस्तर सम्भाग के सम्भागायुक्त डोमन सिंह आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर के अलबेलापारा में स्थित कांजी हाउस, संजयनगर वार्ड के गौठान, ग्राम कुलगांव और कोमलपुर में जलजीवन मिशन के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सम्भागायुक्त श्री सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान सबसे पहले नगर के अलबेलापारा वार्ड में स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण किया तथा मवेशियों के लिए चारे एवं पानी की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। इसके पश्चात वे संजयनगर वार्ड स्थित गौठान पहुंचे, जहां पर उन्होंने समुचित एवं मूलभूत व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। संभागायुक्त ने कहा कि गली-मोहल्लों और सड़कों पर मवेशी होने से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे जान-माल की काफी हानि होती है। उन्होने स्पष्ट तौर पर कहा कि आवारा पशु सड़कों पर नहीं, कांजी हाउस और गौठानों में दिखना चाहिए। इसके बाद कमिश्नर मेडिकल कॉलेज नंदनमारा में जाकर वहां आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर भी मौजूद रहे। समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का मदवार बजट प्रावधान, स्वशासी के आय-व्यय का ब्यौरा सहित विभिन्न एजेन्डों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि संस्था स्तर के कार्यों का वित्तीय अनुमोदन संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए, जबकि उच्च स्तर के प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन नियमतः उच्चाधिकारी के माध्यम से कराया जाए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन ने एजेण्डावार कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी।

सुशासन सप्ताह में सरकार के कार्यों को आम जनता तक पहुंचाएं- कमिश्नर

कांकेर जिला प्रवास के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गढ़पिछवाड़ी में जाकर समूह की महिलाओं से प्रतिक्रिया लेकर उनके कार्य एवं आय के जरिए की जानकारी ली। इस दौरान बिहान के तहत विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह से जुड़कर किस तरह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं। इस दौरान जनपद पंचायत कांकेर के डीपीएम ने बताया कि जेण्डर कैम्पेन 3.0 के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की काउंसिलिंग कर उन्हें रोजगारमूलक, सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाता है तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी जाती है। कमिश्नर श्री सिंह को जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत गांवों में कैम्प लगाकर ग्रामीणों का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनाया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकालकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अवसर पर कमिश्नर ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करके आम जनता तक उनका लाभ पहुंचाना ही सुशासन है। उन्होंने कहा कि महिलाएं नवाचारी गतिविधियों में संलग्न होकर स्वयं आत्मनिर्भर बनें तथा दूसरों को प्रेरित भी करें।

जल जीवन मिशन के कार्यों की जमीनी हकीकत से हुए रूबरू

इसके उपरांत कमिश्नर ने ग्राम कुलगांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने हितग्राही के घर जाकर पेयजल की उपलब्धता के बारे में पूछा, जिस पर हितग्राही ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम दो-दो घंटे टेप नल के माध्यम से नियमित पानी मिलता है, जो स्वच्छ और पर्याप्त है। इसके उपरांत सिंगल विलेज योजनांतर्गत नलकूप खनन कार्य का मौके पर अवलोकन किया, साथ ही समीप के स्कूल में जाकर अवलोकन करते हुए किचन गार्डन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। तदुपरांत कमिश्नर ने ग्राम कोमलपुर में जाकर जल जीवन मिशन के तहत सौर ऊर्जा चलित जल संयंत्र का अवलोकन किया तथा उसके संधारण के लिए ग्रामीणों को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण देने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन में प्रगति लाने च्वॉईस सेंटर संचालकों को प्रशिक्षण




**राजनांदगांव (निप्र)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन में प्रगति लाने पटवारी प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में जिले में संचालित च्वॉईस सेंटर संचालकों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव ने बताया कि जिले में 39 हजार 969 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। उन्होंने पंजीयन हेतु वार्डवार व ग्रामवार शेष हितग्राहियों की नामवार मोबाईल नम्बर सहित अन्य जानकारी प्रदाय कर मोबाईल एप्लीकेशन व वेबसाईट के माध्यम से ऑन लाईन पंजीयन प्रक्रिया का लाईव डेमोस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 57 हजार 598 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए आवश्यक प्रयास करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राहियों के ऑनलाईन पंजीयन आसानी से किये जाने की पूरी प्रक्रिया वीडियो के माध्यम से बतायी गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों में योजनांतर्गत निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान जिला प्रबंधक सीएससी रवि सोनी एवं आशीष स्वर्णकार, आयुष्मान स्वास्थ्य मितान पवन यादव एवं वासुदेव साहू सहित आधार सेवा केन्द्र, च्वॉइस सेंटर के के संचालक व व्हीएलई उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत बालिका सदन में शिविर आयोजित



**रायगढ़, (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश /सचिव अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में जिला स्तरीय बालिका सदन में कार्यस्थल में यौन उत्पीडऩ एवं मादक पदार्थो की रोकथाम पर शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित शिविर में यौन उत्पीडऩ की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के संबंध में बताया गया। साथ ही उनके अधिकार एवं उन्हें आने वाली चुनौतियों के संबंध में संबंधित विभाग कैसे सहायता कर सकता है के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश/ सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार ने यौन उत्पीडऩ की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि एक सुरक्षित कार्यस्थल न केवल महिलाओं की गरिमा की रक्षा करता है बल्कि एक सकारात्मक और उत्पादक वातावरण का निर्माण करता है उक्त अधिनियम का पालन कर हम महिलाओं को समान अवसर और आत्मसम्मान के साथ आगे बढऩे में मदद कर सकते है। उनके अधिकार एवं चुनौती के संबंध में बताया गया। लोगों से बिना भेदभाव के उनके अधिकारों एवं चुनौती के सबंध में बताया। साथ ही आयोजित शिविर में बालिका सदन में मादक द्रव्य दुरूपयोग एक विश्वप्यापी खतरा बन गया है मादक द्रव्य की लत के अभिशाप से विश्व का कोई भाग अछूता नहीं है, मादक द्रव्य का दुरूपयोग एक गंभीर चिंता के रूप में सामने आया है जो देशों के भौतिक और सामाजिक कल्याण को प्रभावित कर रहा है। अर्थात मादक द्रव्य की समस्या आज पूरे समाज को खोखला कर राष्ट्र के नवनिर्माण में बाधक बन रही है। आयोजित शिविर मे उपस्थित लीगल एड डिफेंस कौंसिल असिस्टेंट पूजा शर्मा, रूपाली, लता एवं बालिका सदन के स्टॉप, पैरालिगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

# विष्णु की पाती पाकर किसानों में उमंग एवं उत्साह

### जिले में 5 हजार 317 किसानों से 3724425.60 क्विंटल धान की की गई खरीदी

**राजनांदगांव (निप्र)।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महापर्व अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 75 हजार 317 किसानों से 3724425.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 859 करोड़ 3 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में जनादेश परब मनाया जा रहा है। किसानों में कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी होने पर खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद कहा। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मुख्यमंत्री की विष्णु की पाती दी गई, जिसे पढ़कर किसानों में उमंग एवं उत्साह है। किसानों ने कहा कि सरकार किसानहितैषी है तथा किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों को धान के दो वर्ष की बकाया बोनस राशि भी दी है।कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। जिले में किसानों को बारदाने की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध है। किसान माइक्रो एटीएम का उपयोग कर तत्काल 10 हजार रूपए तक निकाल सकते हैं, तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है।

# कलेक्टर एवं सीईओ ने किया चेकपोस्ट व धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



**बलरामपुर (निप्र)।** जिले में अवैध धान की आवक को रोकने और किसानों को सुगम खरीदी प्रक्रिया प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं सीईओ जिला पंचायत रेना जमील ने सीमावर्ती चेक पोस्टों और धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ने चेक पोस्टों और धान खरीदी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कटारा एवं सीईओ श्रीमती जमील ने विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम अनिरुद्धपुर में झारखंड सीमा पर बनाये गए चेक पोस्ट , उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित ग्राम चूना पाथर चेकपोस्ट और वाड्रफनगर के अंतरराज्यीय धनवार चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों को अवैध धान की आवाजाही पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रजिस्टर पंजी में वाहन का नाम, नंबर और आने का उद्देश्य अवश्य रूप से दर्ज करें। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच की और निर्देशित किया कि ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित रहें। उन्होंने चेक पोस्टों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि कैमरों की तकनीकी स्थिति बेहतर होनी चाहिए और वे पूरे समय सक्रिय रहें। उन्होंने चेक पोस्टों पर सतर्कता बनाए रखने और अवैध धान की आवक पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं सीईओ रेना जमील ने तातापानी, दोलंगी और रामचंद्रपुर स्थित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर धान की खरीद प्रक्रिया, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और खरीदी व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने समिति प्रभारियों से अब तक हुई धान खरीदी का ब्यौरा प्राप्त किया। उन्होंने पंजीकृत किसानों की संख्या, काटे गए टोकन और खरीदे गए धान के विवरण की जानकारी लेते हुए कहा कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। केंद्रों पर मौजूद किसानों से बातचीत करते हुए कलेक्टर ने उनकी समस्याएं सुनीं और यह जाना कि उन्हें धान बेचने में कोई असुविधा तो नहीं हो रही है। किसानों ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया सरल और सुगम है। कलेक्टर ने स्वयं रैंडम तरीके से धान की नमी और वजन की जांच कराई और खरीदी प्रभारियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी के साथ धान के उठाव में तेजी लाने को कहा।कलेक्टर ने केंद्रों में धान के उचित रख-रखाव और पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। प्रशासन किसानों के हित में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसानों को समय पर उचित मूल्य मिले और उन्हें केंद्रों पर कोई परेशानी न हो।

# प्राथमिक चिकित्सा सहायता के संबंध में सभी को होनी चाहिए जानकारी : कलेक्टर



**राजनांदगांव (निप्र)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज कलेटोरेट सभाकक्ष में वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा सहायता के संबंध में सभी को जानकारी होनी चाहिए। इसके संबंध में समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना एवं अन्य दुर्घटना होने पर प्रभावित मरीज को हॉस्पिटल ले जाने के पहले प्राथमिक चिकित्सा सहायता करना चाहिए, जिससे व्यक्ति की जान बच सकती है। प्राथमिक चिकित्सा सहायता करने के लिए सावधानी रखना बहुत जरूरी है। जिससे उस मरीज को और अन्य समस्या नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि दुर्घटना से हड्डी फ्रेक्चर होने की स्थिति में घायल मरीज को सपोर्ट के साथ हॉस्पिटल ले जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हड्डियों में ऐसी प्राकृतिक प्रवृत्ति होती है कि वह पुनः जुड़ जाती है, जिसके लिए बाहर से प्लास्टर किया जाता है। कुछ सावधानी के साथ बहुत सारी परेशानी से बच सकते हैं। उन्होंने विशेष तौर पर वाहन चालकों से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार के संबंध में जानकारी रखने के लिए का। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी जिज्ञासाओं का समाधान करें।मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रियंका वैष्णव ने प्राथमिक चिकित्सा सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने पर मरीज को सामान्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग दुर्घटनाओं में सावधानी भी उसी तरह से करना चाहिए। उन्होंने धड़कन बंद, जलने, हड्डी टूटने, रक्त बहने, कुत्ते, बिल्ली, सांप काटने जैसे विभिन्न प्रकार की घटनाओं पर मरीजों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार करने तरीके और सावधानी रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रक्त के बहाव को रोकने, हड्डी टूटने पर मरीज को सपोर्ट व सावधानी, धड़कन बंद होने पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रबंधक सह जिला संगठक श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायत स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर और पुलिस विभाग के जवानों को दी जाएगी। साथ ही ऑटो चालकों, बस चालकों को इसके संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर उन्हें प्राथमिक चिकित्सा उपचार मिल सके और उनका सही समय पर ईलाज करने में सुविधा हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव सहित वाहन चालक उपस्थित थे।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**बलरामपुर (निप्र)।** प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से ष्प्रशासन गांव की ओरष् अभियान के तहत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील के नेतृत्व में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम बलरामपुर में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित,अन्य जनप्रतिनिधिगण दीनानाथ यादव, अजीत सिंह के द्वारा केंद्र शासन एवं राज्य सरकार के योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिकों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई का वितरण किया। इसके साथ न्योता भोज के अंतर्गत सभी उपस्थित जनप्रतिनिधिगण ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठकर भोजन किया गया।जनपद पंचायत राजपुर में वृद्धजनों का सम्मान समारोह का आयोजन कर 120 वृद्धजनों को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया साथ ही 20 दिव्यांग जनों को रिक्शा तथा ई रिक्शा प्रदान किया गया। जनपद पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत जगिमा में स्वच्छता साफ-सफाई पर चर्चा किया गया, तथा अटल चौक का सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की गई। साथ ही स्वच्छ ग्राहियों का कचरा कलेक्शन के कार्य पर उत्साहवर्धन किया गया तथा आमजनों को अपने आसपास, कार्यक्षेत्र, मुहल्ले को साफ रखने के लिए अपील की गई।